Title: Regarding construction of bridges in Machhlishahar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid

श्री भोलानाथ ? बी. पी. सरोज (मछलीशहर): मेरे संसदीय क्षेत्र मछलीशहर जनपद जौनपुर, चंदवक में गोमती नदी एन० एच० -233 का पुल अवरुद्ध होने से विधानसभा केराकत के एन० एच० -233 वाराणसी ? आजमगढ़ मार्ग पर चंदवक में गोमती नदी का पुल जर्जर हो चुका है । पुल पर आवागमन कई महीनो से बंद कर दिया गया है जिसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा वाहनों को अधिक दूरी तय करके आने जाने से किराये में वृद्धि होने से नागरिको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । कई महीने से गोमती नदी के पुल का निर्माण कार्य लंबित है तथा केराकत चंदवक संपर्क मार्ग पर टाई नाला पर पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसके कारण उक्त मार्ग से सिर्फ दो पहिया वाहनों का आवागमन हो पा रहा है । अतः मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उक्त दोनों समस्याओं को जनहित में गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेकर निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने की कृपा करें ।